# 4 फूलों का नगर

## लिखिए

1. **पाठ के आधार पर वाक्य ठीक करके लिखिए—**

**क.** गुरु जी ने कहा— हिंसा का मार्ग अपनाना और नगर बसाना।

उ. गुरु जी ने कहा— अहिंसा का मार्ग अपनाना और सदा प्रकृति की रक्षा करना।

**ख.** अमृत ने राजा बनते ही शिकार करना शुरू कर दिया।

उ. अनिरुद्ध ने राजा बनते ही शिकार करना शुरू कर दिया।

**ग.** अनिरुद्ध के सैनिकों पर साँपों ने धावा बोल दिया।

उ. अनिरुद्ध के सैनिकों पर मधुमक्खियों ने धावा बोल दिया।

2. **किसने, किससे कहा—**

| | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|
| **क.** मैं तुम दोनों से बहुत प्रसन्न हूँ। | ···गुरु वेदांत ने··· | ···अमृत और अनिरुद्ध से··· |
| **ख.** अगर हम युद्ध नहीं करेंगे तो वह हम सबको बंदी बना लेगा। | ···महामंत्री ने··· | ···अमृत से··· |
| **ग.** अहिंसा ही मेरा धर्म है। | ···अमृत ने··· | ···अनिरुद्ध से··· |

## समझिए व्याकरण संबोध

**1. इनके लिए समूहवाची शब्द लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| मधुमक्खियों का — झुंड | लकड़ियों का — गट्ठर | फूलों का — गुच्छा |
| सैनिकों की — टुकड़ी | किताबों का — बंडल | पर्वतों की — शृंखला |
| अंगूरों का — गुच्छा | लोगों की — भीड़ | |

**2. 'र' के रूपों के दो-दो शब्द लिखिए—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| र | — | रात | नगर | राजकुमार |
| ्र | — | प्रसन्न | बेफ़िक्र | प्रकृति |
| र् | — | सहर्ष | धर्म | दूरदर्शिता |
| ्र | — | ट्रक | ट्राम | ड्रम |

**3. वाक्यों में आए विशेषण शब्दों पर ◯ लगाइए—**

क. अनिरुद्ध ने हरे-भरे वृक्षों को कटवा दिया।

ख. फूलों पर रंग-बिरंगी तितलियाँ मँडराती थीं।

ग. महामंत्री ने विनम्र शब्दों में कहा।

घ. राज्य की सीमा में हज़ारों सैनिकों ने प्रवेश किया।

# पाठ-५ फूलों का नगर

इस में प्रेम, करुणा, दया, आज्ञापालन, वचनपालन, सहयोग जैसे मूल्यो का विकास के बारे में बताया गया है। यह कहानी हमें वृक्षों की उपयोगिता के बारे में बताती है।



PAGE No. DATE

## श्रुतलेखन शब्द

1. आश्रम
2. गुरुकुल
3. राजकुमार
4. वृक्ष
5. प्रकृति
6. मार्ग
7) सूखा
8) दरबार
9) बगीचे
10) मधुमक्खियाँ
11) सेना
12) बीज
13) हरा-भरा
14) राजमहल
15) शिक्षा

## शब्दार्थ

1. परवाह - चिंता
2. अमल - काम में लाना
3. अहिंसा - जीवों को न मारना
4. सहर्ष - खुशी-से
5) प्रतिबंध - रोक
6 बेफ़िक्र - बिना चिंता के
7. रुँधा - रोने के भाव से भरा
8 सीख - शिक्षा

DATE

कुछ शब्दों में

प्र०1 अमृत और अनिरुद्ध के गुरु जी कौन थे?

उत्तर - अमृत और अनिरुद्ध के गुरु जी वेदांत थे।

प्र०2 किसने अपने राज्य में पेड़ लगवाए?

उत्तर - अमृत ने अपने राज्य में पेड़ लगवाए।

प्र०3 गुरु जी की सीख को कौन भूल गया?

उत्तर - गुरु जी की सीख को अनिरुद्ध भूल गया।

प्र०4 अनिरुद्ध ने 'फूलों का नगर' किसे कहा?

उत्तर - अनिरुद्ध ने 'फूलों का नगर' अमृत के नगर को कहा।

कुछ वाक्यों में

प्र०1 गुरुजी ने दोनों राजकुमारों को क्या सीख दी?

उत्तर गुरुजी ने दोनों राजकुमारों को सीख दी कि अहिंसा का मार्ग अपनाना तथा सदा प्रकृति की रक्षा करना।

PAGE No.
DATE

प्र०2 अनिरुद्ध के राज्य में सूखा क्यों पड़ने लगा?

उत्तर अनिरुद्ध ने राजा बनते ही शिकार खेलना और जंगल की कटाई शुरु कर दी। इस वजह से पर्यावरण असंतुलित हो गया और सूखा पड़ने लगा।

प्र०3. अमृत ने दुश्मनो को भगाने के लिए क्या योजना बनाई?

उत्तर- अमृत ने दुश्मनों को भगाने के लिए उन पर मधुमक्खियों से हमला करवाने की योजना बनाई।

प्र०4. "मैंने हमेशा गुरु जी की सीख पर अमल किया है" इस कथन से अमल किया है।" इस कथन से अमृत के चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है?

उत्तर इस कथन से पता चलता है कि वह आज्ञाकारी शिष्य है वह दूरदर्शी और बुद्धिमान है जो गुरु जी की सीख के फायदे को समझ सकेगा।